# कुमाऊँ विश्वविद्यालय, एस0एस0जे0 परिसर, अल्मोड़ा
# कुमाऊँ विश्वविद्यालय, छात्र परिषद (महासंघ) निर्वाचन–2018–19

## अधिसूचना

कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल के पत्रांकः डी0आई0सी0/केयू/2018/112 दिनांक 30.08.2018 द्वारा कुमाऊँ विश्वविद्यालय छात्र परिषद 2018–19 के निर्वाचन नामित/मनोनीत निर्वाचन अधिकारी के रूप मैं (अधोहस्ताक्षरी), कुमाऊँ विश्वविद्यालय के परिसरों एवं सम्बद्व महाविद्यालयों के छात्रसंघ संविधान में प्रदत्त शक्तियों एवं अधिकारों के सुसंगत प्रावधानों का प्रयोग करते हुए आज दिनांक 07.09.2018 को कुमाऊँ विश्वविद्यालय छात्र परिषद् के निर्वाचन की अधिसूचना की घोषणा करता हूँ। जिसका विवरण निम्नवत् है:–

विश्वविद्यालय छात्र परिषद् पदाधिकारियों के निम्नलिखित पद होंगे:–

अध्यक्ष – एक
उपाध्यक्ष – दो (एक छात्र और एक छात्रा)
सचिव – एक
संयुक्त सचिव – एक
कोषाध्यक्ष – एक

विश्वविद्यालय के परिसरों/सम्बद्व महाविद्यालयों से निर्वाचित विश्वविद्यालय प्रतिनिधि, विश्वविद्यालय छात्र परिषद् का निर्वाचक मण्डल होता है। इसी निर्वाचक मण्डल द्वारा विश्वविद्यालय छात्र परिषद् के पदाधिकारियों का चुनाव किया जाएगा। इस निर्वाचन में केवल निर्वाचित विश्वविद्यालय प्रतिनिधि सत्र (2018–19) ही मतदान के लिए प्रतिभाग करेंगे। कुमाऊँ विश्वविद्यालय, छात्र परिषद (महासंघ) के विभिन्न पदाधिकारियों के लिए विश्वविद्यालय प्रतिनिधि ही उम्मीदवार के रूप में अर्ह होंगे। प्रत्येक पद हेतु प्रस्तावक व अनुमोदक भी विश्वविद्यालय में अध्ययनरत संस्थागत विद्यार्थी ही होंगे। एक बार पदाधिकारी के रूप में अथवा दो बार कार्यकारिणी के सदस्य के रूप में चुनाव लड़ चुका अभ्यर्थी महासंघ के पदाधिकारी का चुनाव लड़ने हेतु योग्य नहीं होगा। विश्वविद्यालय छात्र संविधान तथा यह अधिसूचना कुमाऊँ विश्वविद्यालय की वेब साइट www.kunainital.ac.in में भी उपलब्ध है। प्रत्येक पद हेतु छात्रसंघ संविधान अनुच्छेद 05 में उल्लिखित अर्हताओं को पूर्ण करना अनिवार्य होगा। प्रत्येक पद हेतु वही विद्यार्थी अर्ह होंगे, जिन्होंने लिंगदोह समिति की सिफारिशों के अनुपालन में आज से पूर्व विश्वविद्यालय परिसर/महाविद्यालय में छात्रसंघ/ विश्वविद्यालय परिषद् (महासंघ) में किसी भी पद के लिए चुनाव न लड़ा हो। प्रत्याशी के रूप में समस्त अर्हताएं पूर्ण करने तथा पूर्व में कोई भी चुनाव पदाधिकारी के पद के लिए नहीं लड़ने का प्रमाण परिसर/महाविद्यालय के निदेशक/प्राचार्य द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र मूल रूप में नामांकन करते समय प्रस्तुत करना होगा। इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय छात्र परिषद् के नियमों के अन्तर्गत अनिवार्यताएं भी पूरी करनी होंगी। इसके साथ ही प्रत्याशी सत्यापित फोटो, परिचय पत्र एवं संबंधित परिसर एवं महाविद्यालय का संस्थागत छात्र होने का मूल प्रमाण पत्र भी प्रस्तुत करेगा। प्रत्याशी को विश्वविद्यालय प्रतिनिधि निर्वाचित होने का परिसर/महाविद्यालय के निदेशक/प्राचार्य के द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र को भी प्रस्तुत करना होगा। प्रस्तावक तथा अनुमोदक एक पद के लिए केवल एक प्रत्याशी का ही प्रस्ताव अथवा अनुमोदन करेंगे।

क्रमशः पेज–02

1. नामांकन शुल्क तथा जमानत धनराशि छात्रसंघ संविधान में समय–समय पर यथा संशोधित रूप में उल्लिखित प्रावधानों के अनुसार ही लिया जाएगा।
2. चुनाव स्थल एस0एस0जे0 परिसर, अल्मोड़ा।
3. चुनाव कार्यकम निम्नवत है:–

| क0सं0 | कार्यकम का विवरण | दिनांक | समयावधि |
|---|---|---|---|
| 1. | नामांकन | 11.09.2018 | 11.00 – 01.30 बजे तक |
| 2. | नामांकन वापसी | 11.09.2018 | 01.45 – 02.30 बजे तक |
| 3. | नामांकन पत्रों की जांच | 11.09.2018 | 02.45 – 03.45 बजे तक |
| 4. | अर्ह प्रत्याशियों की सूची का प्रकाशन | 11.09.2018 | 04.00 बजे |
| 5. | मतदान (यदि आवश्यक हो) | 12.09.2018 | 11.00 – 02.00 बजे तक |
| 6. | मतगणना | 12.09.2018 | मतदान के तुरन्त बाद |
| 7. | परिणाम की घोषणा | 12.09.2018 | मतगणना के तुरन्त बाद |
| 8. | शपथ ग्रहण | 12.09.2018 | परिणाम घोषित होने के उपरान्त |

चुनाव अधिकारी
मो0– 9412162017

चुनाव अधिकारी
कुमाऊँ विश्वविद्यालय छात्र परिषद
नैनीताल

पृ0सं0 / चु0अ0 / छात्र परिषद /

दिनांक: 07.09.2018

प्रतिलिपि निम्नलिखित को इस अनुरोध के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित कि उक्त सूचना को अपने समाचार पत्रों में निःशुल्क लोकहित / जनहित / छात्रहित में इस विज्ञप्ति को कुमाऊँ संस्करण में प्रकाशित करने का कष्ट करें:–

1. अमर उजाला, अल्मोड़ा।
2. दैनिक जागरण, अल्मोड़ा।
3. उत्तर उजाला, अल्मोड़ा।
4. दैनिक हिन्दूस्तान, अल्मोड़ा।
5. राष्ट्रीय सहारा, अल्मोड़ा।
6. दैनिक आज, अल्मोड़ा।

चुनाव अधिकारी
मो0 9412162017

चुनाव अधिकारी
कुमाऊँ विश्वविद्यालय छात्र परिषद
नैनीताल